# हार गया मैं श्याम | by Sachin Chetan Gupta

मैं हारा हूँ बाबा मुझे तेरा सहारा है
मैं हक़ से कहता हूँ बस श्याम हमारा है
मैं हारा हूँ बाबा...........

यूँ अर्ज़ी को मेरी तूने कहना छुपाया है
क्या गलती है मेरी या तेरी माया है
क्या भूल गए हो तुम ये लाल तुम्हारा है
मैं हारा हूँ बाबा..........

हर निर्धन की झोली धन से भर देते हो
हर घर के आँगन में खुशियां कर देते हो
हारे के साथी हो ये वचन तुम्हारा है
मैं हारा हूँ बाबा..........

यह जानता हूँ सच है मैं भी तो पापी हूँ
चौखट पे सर रखके मैं मांगता माफ़ी हूँ
बिन तेरी कृपा चेतन का अब कहाँ गुज़ारा है
मैं हारा हूँ बाबा..........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%97%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%ae%e0%a5%88%e0%a4%82-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-by-sachin-chetan-gupta/